## आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–28 नवम्बर 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरूआत की, देश के एक सौ तीस जिले में मुख्य तौर पर चलाया जाएगा यह अभियान।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल प्रयागराज में महाकुंभ दो हजार पच्चीस से संबंधित दो सौ अड़तीस करोड़ रुपये की परियोजनाओं का किया लोकार्पण, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में भी लिया हिस्सा।
- झांसी मेडिकल कॉलेज में हुए अग्निकांड की जांच पूरी, प्रदेश सरकार ने प्रधानाचार्य को हटाया, तीन अन्य निलम्बित।
- अगले दो दिनों तक रात और सुबह छाया रहेगा घना कोहरा, तापमान में गिरावट से बढ़ने लगी ठंड।

**********

केंद्र सरकार ने कल नई दिल्ली में बाल विवाह मुक्त भारत शीर्षक राष्ट्रीय अभियान की शुरुआत की। इसका मुख्य उद्देश्य देश को बाल विवाह मुक्त राष्ट्र बनाना है। महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने अभियान की शुरुआत करते हुए कहा कि सरकार ने एक सौ तीस जिलों की पहचान की है, जहां इस अभियान को मुख्य तौर पर चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाल विवाह न केवल एक अपराध है बल्कि मानवाधिकारों का उल्लंघन भी है।

***आज हमने एक शपथ भी लिया है, बाल विवाह मुक्त भारत के लिए। इस लक्ष्य को हासिल करना हम सबकी जिम्मेवारी, जवाबदेही है, तो इसके लिए, ये महज एक कार्यक्रम बनके न रह जाए बल्कि इस कार्यक्रम को जन–जन तक पहुंचाने जिम्मा भी हम सब पर है।***

कार्यक्रम के दौरान अन्नपूर्णा देवी ने बाल विवाह मुक्त भारत पोर्टल की शुरूआत भी की।

**********

केंद्र सरकार ने कहा है कि रेलगाडियों में अनारक्षित डिब्बों को समाप्त करने की कोई योजना नहीं है। केंद्रीय रेल, सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल लोकसभा में बताया कि चालू वित्त वर्ष में एलएचबी कोच के साथ संचालित मेल–एक्सप्रेस रेलगाडियों में छह सौ से अधिक अनारक्षित डिब्बे जोडे गये हैं। बढती मांग को देखते हुए भारतीय रेलवे की गैर–वातानुकूलित सामान्य श्रेणी और शयनयान सहित दस हजार डिब्बों के निर्माण की योजना है।

श्री वैष्णव ने कल लोकसभा में पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए सोशल मीडिया पर अश्लील सामग्री पर अंकुश लगाने के लिए मौजूदा कानूनों को ओर अधिक सख्त बनाने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया प्रेस की स्वतंत्रता का बहुत बड़ा माध्यम है लेकिन साथ ही सोशल मीडिया में संपादकीय अंकुश की कमी के कारण अश्लील सामग्री का प्रसारण भी होता है। उन्होंने कहा कि संसद की संबंधित स्थाई समिति को इस मुद्दे पर विचार करना चाहिए और कड़े कानून बनाने चाहिए।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल प्रयागराज का दौरा कर महाकुंभ से जुड़े विकास कार्यों का जायजा लिया और इससे संबंधित दो सौ अड़तीस करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण किया। उन्होंने महाकुम्भ को स्वच्छ और सुरक्षित बनाने वाले विभिन्न उपकरणों के साथ नगर निगम में नवनिर्मित कंट्रोल रूम का भी अनावरण किया। कार्यक्रम के बाद मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने बताया कि महाकुंभ की तैयारियां एक महीने पहले ही पूरी कर ली जायेंगी।

***महाकुंभ 2025 की तैयारी युद्ध स्तर पर चल रही है। आज हम लोगों ने एकबार फिर से यहां पर शासन और प्रशासन के उच्चस्तरीय अधिकारियों ने आकर महाकुंभ की तैयारियों की समीक्षा की है चल रहे कार्यों का निरीक्षण भी किया है मैनें पाया है कि 13 जनवरी से 26 फरवरी के बीच इस भव्य और दिव्य आयोजन की तैयारी हमारी एक महीने पहले पूर्ण हो चुकी होगी और ये हमारा सौभाग्य होगा कि प्रयागराज महाकुंभ 2025 के शुभारंभ के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री जी का मार्गदर्शन हम सबको प्राप्त होगा जिसके लिए यहां युद्ध स्तर पर तैयारियां चल रहीं है।***

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इलाहाबाद विश्वविद्यालय के एक सौ छत्तीसवें दीक्षांत समारोह में भी शामिल हुए। समारोह के दौरान वर्ष दो हजार चौबीस में पास हुए यूजी और पीजी के विद्यार्थियों को डिग्रियां और मेधावी छात्रों को मेडल दिए गए।

दीक्षांत समारोह में कवि कुमार विश्वास को मानद उपाधि भी प्रदान की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय का गौरवमयी इतिहास रहा है। विश्विद्यालय के छात्रों का प्रतिनिधित्व हर क्षेत्र में दिखता है। उन्होंने कहा कि भारत प्राचीन समय से ही उच्च शिक्षा का केंद्र रहा है।

**********

पचपनवें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का आज अंतिम दिन है। महोत्सव में कल तपन सिन्हा की फिल्म 'हारमोनियम' सहित लगभग सत्तर फिल्में प्रदर्शित की गईं। शताब्दी सत्र में तपन सिन्हा की फिल्मोग्राफी, कथा वाचन के अनूठे अंदाज और भारतीय सिनेमा में उनके योगदान पर चर्चा की गई।

**********

झांसी के रानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज के एनआईसीयू में हुए अग्नि कांड मामले में सरकार ने कारवाई करते हुए कॉलेज के प्रधानाचार्य को पद से हटा दिया और तीन अन्य को निलम्बित कर दिया। पेश है एक रिपोर्ट–

***उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के निर्देश पर गठित चार सदस्यीय कमेटी की जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई करते हुए मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. नरेंद्र सिंह सेंगर को पद से हटाकर चिकित्सा शिक्षा विभाग के महानिदेशालय से संबद्ध किया गया है। इस मामले में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सचिन माहुर को आरोप पत्र दिया गया है। वहीं, कॉलेज के अवर अभियन्ता संजीत कुमार, एनआईसीयू वार्ड की नर्सिंग सिस्टर इंचार्ज संध्या राय और मेडिकल कॉलेज की प्रमुख अधीक्षक डॉ. सुनीता राठौर को तत्काल निलम्बित करते हुए आरोप पत्र दिया गया है। गौरतलब है कि महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज के नवजात शिशु गहन चिकित्सा केन्द्र में 15 नवंबर को हुए अग्निकांड में 10 बच्चों की मौत हो गई थी। गंभीर रूप से घायल हुए 8 और बच्चों की मौत को साथ मरने वाले बच्चों की संख्या 18 पहुंच गयी है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।***

**********

उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कन्नौज जिले में लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे पर कल हुए हादसे में मृतक चिकित्सकों के प्रति शोक जताते हुए घायल चिकित्सक के समुचित उपचार के निर्देश दिये हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि पीड़ित परिजनों के प्रति उनकी गहरी संवेदनाएं हैं। कल सुबह हुए इस भीषण सड़क हादसे में तीन डॉक्टर समेत पांच लोगों की मौत हो गई। एक अन्य चिकित्सक गंभीर रूप से घायल हो गये, जिनका इलाज चल रहा है।

**********

प्रदेश के कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कल लखनऊ में भारत–इजराइल ड्राइव 3.0 का शुभारम्भ किया। इसके तहत भारत से पांच हजार श्रमिकों को इजराइल भेजा जाएगा। कौशल विकास मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के अंतर्गत प्रदेश के कुशल श्रमिकों को इजरायल में रोजगार के नए अवसर प्रदान किए जा रहे हैं।

***इस्राइल में जो बच्चे गए हैं उनका अनुभव बहुत शानदार है वह लगातार वहां काम कर रहे हैं रोजगार के अपार अवसर को मिल रहे हैं और यह और भी अच्छी बात है कि वहां उनको बहुत अच्छी अपॉर्च्युनिटी सैलरी के रूप में, सवा लाख से लेकर डेढ़ लाख रूपये प्रति माह तक उनको यह काम मिल रहा है। भवन निर्माण के क्षेत्र में काम करते हैं, आर्टिफिशियल में काम करते हैं, में काम करते हैं। जो–जो ट्रेनिंग हमारे यहां से हो रही है आईटीआई के माध्यम से उन सब क्षेत्रों में वहां पर काम करने को उनको अवसर मिल रहा है।***

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने अगले दो दिनों तक देर रात और सुबह के समय राज्य के कई हिस्सों में घने कोहरे की चेतावनी जारी की है। विभाग द्वारा जारी दैनिक मौसम पूर्वानुमान बुलेटिन के अनुसार इस अवधि में मौसम शुष्क रहेगा। इस बीच, प्रदेश के विभिन्न जिलों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट के कारण ठंड महसूस की जा रही है।

**********

लखनऊ में चल रही सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप में कल पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन ने जीत के साथ शुरुआत की। इसके साथ ही दोनों खिलाड़ियों ने अंतिम सोलह में जगह बना ली है। मीडिया से बातचीत में पीवी सिंधु ने कहा कि जीत को लेकर वह आश्वस्त थीं।

***महिला युगल में उत्तर प्रदेश की श्रुति मिश्रा और प्रिया की जोड़ी ने जीत दर्ज की। इस जोड़ी ने भारत की ही वैष्णवी और अलीशा की जोड़ी को हराया। चैम्पियनशिप में कल से प्री क्वाटर फाइनल मुकाबले खेले जायेंगे।***

**********

गोरखपुर के चम्पा देवी पार्क मैदान में तीस नवम्बर से लेकर चौदह दिसम्बर तक उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की तरफ से मंडल स्तरीय प्रदर्शनी लगाई जाएगी। बोर्ड के परिक्षेत्रीय अधिकारी एके पाल ने बताया कि प्रदर्शन में एक सौ दस स्टॉल लगेंगे। इन पर देश के कई राज्यों के खादी, ग्रामोद्योग और ओडीओपी उत्पादों का प्रदर्शन होगा।

**********